## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 12.09.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना कमासिन पुलिस द्वारा चोरियों का खुलासा करते हुए सूचना के 12 घण्टे के अंदर 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्तों की निशांदेही पर चोरी का सामान व नगदी बरामद।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में दिनांक 11/12.09.2026 की रात्रि को थाना कमासिन पुलिस द्वारा चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को सूचना के 12 घण्टे के अंदर चोरी के सामान व नगदी के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना कमासिन क्षेत्र के रहने वाले देवकीनंदन व आदित्य द्वारा अपनें अपनें घरों में हुई चोरी के संबंध मे दिनांक 11.09.2026 को थाना कमासिन पर सूचना दी। जिसके सम्बन्ध में तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गयी। इसी क्रम में थाना कमासिन पुलिस द्वारा 12 घण्टे के अंदर अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्तों को पं0 केदार नाथ डिग्री कॉलेज ग्राम पछौहां रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया। अभियुक्तों की निशांदेही पर चोरी का सामान व नगदी बरामद की गई है।

**बरामदगी-**

- 105 किलोग्राम गेंहु
- 30 किलोग्राम चना
- 01 माइक्रोटेक इनवर्टर
- 01 ल्युमिनस वैट्रा
- 01 लोहे की कढाही
- 2500 रुपए नगद

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. भैरव पुत्र माताबदल निवासी ग्राम पछौहा थाना कमासिन जनपद बांदा।
2. राजाभैया पुत्र माताबदल निवासी ग्राम पछौहा थाना कमासिन जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0- 241/26 धारा 331(4)/303(2)/317(2) बीएनएस थाना कमासिन जनपद बांदा।
- मु0अ0सं0- 242/26 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस थाना कमासिन जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री पारसनाथ थाना कमासिन
2. उ0नि0 श्री आशीष पटेरिया
3. कां0 योगेश गुप्ता
4. कां0 मुकेश